दैनिक
आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802
E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका
संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 149 | छतरपुर, बुधवार 25 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु दुल्हन की तरह सजा पर्यटन नगरी खजुराहो

## -बुंदेलखण्डवासियों को केन-बेतवा लिंक परियोजना की आज मिलेगी ऐतिहासिक सौगात

## -पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर प्रधानमंत्री करेंगे उनके सपने को साकार





छतरपुर। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के 100वें जन्मदिवस पर उनकी परिकल्पना के अनुरूप केन-बेतवा लिंक परियोजना की ऐतिहासिक सौगात, बुंदेलखंडवासियों को आज मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज खजुराहो में परियोजना का शिलान्यास करेंगे। उक्त समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, जिले के प्रभारी मंत्री एंदल सिंह कंषाना, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के अलावा क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटैरिया ने कार्यक्रम स्थल का बारीकी से मुआयना कर कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का सुनिश्चित किया।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 44 हजार 605 करोड़ रुपये की लागत वाली केन-बेतवा लिंक परियोजना का सपना साकार होने के बाद बुंदेलखंड की दिशा और दशा दोनों बदलेंगी। 25 दिसंबर का दिन बुंदेलखंडवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा, जिसके साक्षी लाखों बुंदेलखंडवासी बनेंगे। उन्होंने बताया कि परियोजना से मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के लगभग 11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी और मध्यप्रदेश के 10 जिलों सहित उत्तरप्रदेश के 4 जिलों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना में होने वाले व्यय का 90 प्रतिशत भार केंद्र सरकार उठा रही है जिससे प्रदेश सरकार के ऊपर मात्र 10 प्रतिशत वित्तीय भार आएगा। सांसद ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 4 हजार से अधिक सुरक्षा बल तैनात किया गया है। समूचे बुंदेलखंड से लोगों को कार्यक्रम स्थल पर लाने और वापिस ले जाने के लिए साढ़े 4 हजार बसों का इंतजाम किया गया है। खजुराहो में आने वाले वाहनों के लिए अलग से रूट प्लान तैयार किया गया है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर करीब 12 बजे खजुराहो के मेला ग्राउंड पहुंचेंगे, उनके स्वागत के लिए बमीठा से खजुराहो एयरपोर्ट तथा खजुराहो नगर तक तक की सड़कों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, जिले के प्रभारी मंत्री एंदल सिंह कंषाना, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, प्रहलाद पटेल, राधा सिंह, तुलसी सिलावट, राकेश शुक्ला, मंत्री सीआर पाटिल, राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी, दिलीप अहिरवार सहित सभी विभागों के मंत्री और राज्यमंत्री शामिल होने पहुंचेंगे।

### *पूर्व सांसद स्व. जीतेन्द्र सिंह बुंदेला का स्मरण-बस इतना याद रहे, एक साथी और भी था...*



इस कार्यक्रम को लेकर समूचे बुन्देलखण्ड और मध्यप्रदेश में उत्साह का माहौल है। आज जिस योजना को लेकर इतना उत्साह है उस योजना को लाने के कई शिल्पकार रहे, इन्हीं में से एक थे खजुराहो के पूर्व भाजपा सांसद स्व. जीतेन्द्र सिंह बुंदेला, जिनका स्मरण आज जरूरी है। श्री बुंदेला ने कांग्रेस के यूपीए शासन काल में बंद पड़ी इस योजना के लिए आवाज़ उठाई थी। 5 जुलाई 2009 में मनमोहन सिंह की सरकार में केन-बेतवा लिंक परियोजना की मांग को लेकर तत्कालीन खजुराहो सांसद जीतेन्द्र सिंह बुन्देला ने मंडला केन नदी के घाट से बेतवा ओरछा धाम के घाट तक हजारों लोगों के साथ 160 किमी की कलश यात्रा निकाली थी। कलश यात्रा मंडला के घाट से अनेक कलशों में जल लेकर ओरछा बेतवा नदी के घाट में मिलन कर तत्कालीन कांग्रेस की मनमोहन सरकार से केन बेतवा लिंक परियोजना को जल्द चालू करने की मांग की गई थी। यात्रा के दौरान मार्ग में मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश सभी नगरों और ग्रामो में लोगो ने यात्रा का स्वागत करके समर्थन दिया था। आज श्री बुंदेला हमारे बीच नही हैं लेकिन इस योजना को बुंदेलखंड लाने वाले लोगों में उनका भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### *केन्द्रीय मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने की शामिल होने की अपील*



मंगलवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने खजुराहो पहुंचे केन्द्रीय मंत्री एवं टीकमगढ़ सांसद डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने अपने संसदीय क्षेत्र की जनता से अधिक से अधिक संख्या में खजुराहो पहुंचकर ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारा बुंदेलखंड वर्षों से सुखे की चपेट में रहा है, जिसको लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने नदियों को आपस में जोड़ने का सपना देखा था, जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार करने जा रहे हैं जिसके लिए पूरा बुंदेलखंड उनका आभार मान रहा है।

### *परिवहन व्यवस्था के तहत रवाना हुई बसें*



शिलान्यास समारोह का बुंदेलखंडवासियों को साक्षी बनाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर परिवहन व्यवस्था बनाई गई है। लगभग साढ़े 4 हजार यात्री बसों से लोगों को आयोजन स्थल तक लाने और कार्यक्रम के बाद उन्हे वापिस गांव तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। छतरपुर जिले के ग्रामीण अंचलों के लिए जिन बसों को चिन्हित किया गया है, उन्हें मंगलवार की दोपहर जिला पंचायत कार्यालय से संबंधित गांव के लिए रवाना किया गया। उक्त बसें कल ग्रामीणों को लेकर निर्धारित समय पर खजुराहो पहुंचेंगी। जिला प्रशासन से प्राप्त जानकारी के मुताबिक संपूर्ण बुंदेलखंड से लोगों को आयोजन **...शेष पृष्ठ 16 पर**

# ग्राम पंचायत भडार में भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का हुआ भव्य अनावरण

## अटल जी की प्रतिमा का अनावरण हमारे लिए गौरव का कार्य-प्रेमबाई मिश्रा

**राकेश सिंह**

परिहार गर्जना न्यूज। लवकुशनगर- सुशासन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत भडार में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण ग्राम पंचायत भडार की सरपंच श्रीमती प्रेमबाई मिश्रा द्वारा समारोह पूर्वक किया गया! ग्राम पंचायत भडार सरपंच ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजनों का सम्मान करना हमारी परंपरा रही है और इस परंपरा का निर्वहन निरंतर बने रहना चाहिए! उन्होंने कहा कि हमारी पंचायत में भारत रत्न अटल जी की प्रतिमा का अनावरण पंचायत और क्षेत्र के लिए गौरव का कार्य है सर्वप्रथम पंडित



अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनका माल्यार्पण करके अटल जी को श्रद्धांजलि दी गई! तत्पश्चात ग्राम पंचायत भडार के वृद्धजनों एवं गणमान्य नागरिकों का शाल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया! श्री रामकृष्ण गौशाला समिति द्वारा प्रतिवर्ष वृद्धजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों का बृहद स्तर पर सम्मान किया जाता है श्री रामकृष्ण गौशाला समिति द्वारा ग्राम पंचायत भडार में यह 12 वां आयोजन किया जा रहा है! कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री रामकृष्ण गौशाला समिति के अध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि लवकुशनगर जनपद पंचायत क्षेत्र में ग्राम पंचायत भडार पहली ऐसी ग्राम पंचायत है जहां अटल जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है! अजय मिश्रा ने लोगों को अटल जी की जीवनी उनके द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों एवं उनके राजनीतिक सफर के बारे में विस्तार से बताया! अजय मिश्रा ने कहा कि नदी जोड़ो अभियान के प्रणेता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करने के लिए देश के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अटल जी की जन्म जयंती पर केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन करके उनको सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर लंबे अरसे से सूखे की मार झेल रहे बुंदेलखंड में केन बेतवा लिंक परियोजना प्रारंभ होने से सूखे की स्थिति समाप्त होगी और आने वाले समय में किसानों की आय दोगुनी हो जाएगी! कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर पधारे लवकुश नगर जनपद पंचायत क्षेत्र की उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह परिहार ने सरपंच द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और ऐसे अनूठे कार्यक्रम में अपना निरंतर सहयोग करने की बात कही। अंत में सचिव वीरेंद्र सिंह परिहार द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया! कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में जन समुदाय उपस्थित रहा।

# कांग्रेस की कमजोर कड़ियों पर करना होगा मंथन - सुरेश राजे

## संगठन की मजबूती एवं समन्वय स्थापित करने को लेकर गौरिहार में कांग्रेस की बैठक हुई संपन्न




**प्रकाश मिश्रा /चंद्रभान प्रजापति**

परिहार गर्जना न्यूज। गौरिहार। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के दिशा निर्देशन में कांग्रेस संगठन में मजबूती एवं आपसी समन्वय स्थापित कायम रखने की मंशा से कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश भर में ब्लॉकवार बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में जिला अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल के मार्गदर्शन में बीते रोज स्थानीय कृष्णा मैरेज हाउस में ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र अवस्थी के तत्वाधान में गौरिहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला प्रभारी डबरा विधायक सुरेश राज एवं सह प्रभारी दिग्विजय सिंह गौर उर्फ अम्मू राजा एवं जिला अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल विशेष रूप से मौजूद रहे।

बैठक में शामिल अतिथियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर, बैठक का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम लखन शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन गौरिहार ब्लॉक कांग्रेस के लिए बड़ी खुशी का दिन है क्योंकि करीब 15 साल बाद इस तरह हमारे बीच में कोई वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आकर बैठे हैं।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री राजे ने कहा कि आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं कि विपरीत परिस्थितियों के बाद भी हम चंदला सीट लगातार तीन चुनाव बहुत ही कम अंतर से हार रहे हैं। हमें अपनी हर को लेकर कतई भी उदास नहीं होना है बल्कि कांग्रेस की कमजोर कड़ियों को परख कर उन्हें दूर करने की जरूरत है। जिला सह प्रभारी दिग्विजय सिंह गौर उर्फ अम्मू राजा ने कहा कि आप सभी को गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से संवाद करके उन्हें भाजपा के झूठे वादों से अवगत कराने और गौशाला के मुद्दे उनके सामने लाने की जरूरत है। बैठक के अंत में ब्लॉक अध्यक्ष धीरेंद्र अवस्थी ने सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ज्ञानेंद्र सिंह परमार, अजय प्रताप सिंह, दीपांशु यादव, राजू पाठक, राजू प्रजापति,नरेश पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप तिवारी, बाबा भारती, कमल नेत्र शुक्ला, राम जी रिछारिया, केशव अवस्थी,जयकरण साहू, बीरू अवस्थी, मदाणी यादव, रमेश तिवारी, इस्लाम खान, रहीम खान, अशोक पांडे, राजेंद्र सिंह व बीरू अवस्थी सहित सैकड़ों कांग्रेसी मौजूद रहे।

# मोदी जी बुंदेलखण्ड के स्वर्णिम युगदाता हैं मोदी हैं जहां सब मुमकिन हैं वहां

परिहार गर्जना न्यूज। छतरपुर। पूर्व मंत्री अखण्ड प्रताप सिंह यादव ने कहा कि केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना भारत में भारत एवं विश्व की प्रथम नदी जोड़ो परियोजना है, जिसकी आधार शिला युगपुरूष यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कर-कमलों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मशताब्दी दिवस 25 दिसम्बर, 2024 को उनके सपनों को साकार करने के लिए खजुराहो (म.प्र.) में रखी जायेगी, जिसमें उ.प्र. एवं म.प्र. के बुन्देलखण्ड का जन-जन मोदी जी के दर्शनार्थ इस आशा और विश्वास से उपस्थित होकर साक्षी बनेगा कि बुन्देलखण्ड का स्वर्णिम युग दाता मोदी जी है तो सब मुमकिन है। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव प्रदेश के विकास हेतु कड़ी मेहनत व प्रयासों के साथ कृत संकल्पित हैं। इस परियोजना से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक विकास के युग की नवीन शुरूआत होगी।



# बक्सवाहा में मंडी क्लब का टेनिस बाल टूर्नामेंट हुआ शुरू, खिलाड़ियों के अभिभावकों ने दी शुभकामनाएं



**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा। नगर में मंडी क्लब द्वारा आयोजित टेनिस बाल टूर्नामेंट के पांचवे संस्करण का आज बड़े धूमधाम से शुभारंभ हुआ। यह टूर्नामेंट हर साल अपनी विशेषता के लिए जाना जाता है, क्योंकि इसमें सबसे पहले खिलाड़ियों के अभिभावकों को सम्मानित किया जाता है और वे अपने बच्चों को खेलते हुए देख सकते हैं, जो इस आयोजन को और भी खास बना देता है।

आज के उद्घाटन मैच में बक्सवाहा इलेवन और कचारी इलेवन के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। पहले बल्लेबाजी करते हुए कचारी इलेवन ने निर्धारित 10 ओवरों में 65 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बक्सवाहा इलेवन को शुरूआत में मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन अंत में उन्होंने मैच को 8 ओवर में 6 विकेट से जीत लिया। इस रोमांचक जीत का श्रेय बक्सवाहा इलेवन के युवा खिलाड़ी आकाश राजपूत को जाता है, जिन्होंने केवल 6 रन देकर 2 अहम विकेट चटकाए और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

टूर्नामेंट की खास बात यह है कि इसे हर साल खिलाड़ियों के अभिभावकों से शुभारंभ कराया जाता है। बक्सवाहा नगर में यह एकमात्र ऐसा आयोजन है जिसमें अभिभावक अपने बच्चों को मैदान पर खेलते हुए देख सकते हैं, जो न केवल बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि खेल को लेकर अभिभावकों की भागीदारी को भी बढ़ावा देता है।



टूर्नामेंट का समापन हमेशा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा कराया जाता है, जो इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना देता है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धनीराम चौरसिया (रिटायर्ड पीटीआई), प्रकाश यादव, विजय राजा, रावेंद्र राजा राव, राजा परमार, मधुर जैन, गजराज यादव, अंगद राजा और मंडी क्लब के सदस्य उपस्थित थे। सभी ने टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों के जोश व उत्साह की सराहना की।

यह टूर्नामेंट सिर्फ खेल का उत्सव नहीं, बल्कि बक्सवाहा नगर में एकता और समुदाय की भावना को भी मजबूत करता है। अब सभी की निगाहें टूर्नामेंट के अगले मुकाबलों पर हैं, जहां और भी रोमांचक और दिलचस्प खेल देखने को मिलेंगे।

# सुमति अकादमी में मनाया गया क्रिसमस सेलिब्रेशन

छतरपुर। शहर के सुमति अकादमी में प्रभु यीशु का जन्म दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। बच्चे रंग-बिरंगी और सांताक्लाज की ड्रेस पहनकर शामिल हुए। बच्चों द्वारा क्रिसमस ट्री सजाकर प्रभु यीशु की विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। बच्चों ने यीशु के जीवन पर भी कार्यक्रम पेश किए और जिंगल बेल-जिगंल बेल का आनंद लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री सुनील कुमार मिश्रा ने प्रभु ईशु के त्याग व आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि हमें भी उनके जीवन के त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए। क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में बच्चों ने जमकर आनंद किया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने लाल और सफेद कपड़े पहने थे। इस दौरान सेंटा क्लाज ने बच्चों को उपहार भी भेंट किए। विद्यालय के चेयरमैन श्री सोमिल अग्रवाल डायरेक्टर श्रीमति भावना अग्रवाल ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।



# भाजपा देश में नफरत फैलाने का काम कर रही है- जीतू पटवारी

## जनहित के मुद्दों को सकारात्मकता के साथ मीडिया के समक्ष रखें- मुकेश नायक




परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की अध्यक्षता और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की उपस्थिति में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभागार में प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता और प्रवक्तागणों की बैठक आहूत की गई। बैठक में विपक्ष की भूमिका निभाते हुये सकारात्मकता के साथ जनहित के मुद्दों को पूरी सूझबूझ और ताकत के साथ उठाने के लिए निर्देशित किया गया।

प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष श्री पटवारी ने कहा कि राजनीतिक परिवेश के बीच टीवी चैंनलों और मीडिया में अपनी बात को पूरी जबावदेही के साथ रखे, भाजपा द्वारा देश में जो नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है, उससे देश अराजकता की ओर बढ़ रहा है। पार्टी नेतृत्व के दिशा निर्देश अनुसार जनहित के मुद्दों पर हमें अपनी बात रखना है। पूरे तर्क के साथ भाजपा की गलत नीतियों को जनता के बीच उजागर करें और कांग्रेस पार्टी का पक्ष, रीति-नीति और विचारों को जनता के बीच पहुंचाने का काम करें। यूट्यूब, वाट्सएप एवं अन्य माध्यमों से अपनी बातों को ज्यादा से ज्यादा ग्रुप में भेजें, ताकि जनता को समझाया जा सके कि भाजपा केवल बांटने की राजनीति करती है, उसे जनहित के मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है।

श्री पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी जी के प्रति नफरत की जो भावना भाजपा में व्याप्त है, उसका हमें मुंहतोड़ जबाव देना है। अंबेडकर जी जिन्होंने देश में आजादी के बाद हर वर्ग को स्वतंत्रता से जीने का अधिकार दिया, भाजपा अंबेडकर जी के संविधान पर प्रहार कर रही है, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं और पिछड़ों के साथ अन्याय और अत्याचार कर रही हैं भाजपा। उन्होंने कहा कि हमारी मीडिया टीम पूरी जिम्मेदारी के साथ काम कर रही है, हमारे सामने बहुत चुनौतियां हैं लेकिन हमें डरकर नहीं डटकर उनका मुकाबला करना है। मीडिया और सोशल मीडिया दोंनो एक दूसरे के समकक्ष हैं, इसलिए सोशल मीडिया में ही हमसभी को ज्यादा सहभागी बनकर अपने कमेन्ट को सकारात्मकता के साथ ज्यादा से ज्यादा शेयर कर जनता के बीच पहुंचने का काम हम सभी हो करना है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि वर्तमान में भाजपा द्वारा जिस तरह की राजनीति की जा रही है, उससे पूरा देश क्षुब्ध और आक्रोशित है। कांग्रेस के प्रवक्तागण निर्भिक होकर अपना पक्ष जनता के समक्ष रखें और भाजपा की गलत नीतियों को पुरजोर तरीके से उठायें। देश संविधान से चलता है और संविधान में जो आरक्षण दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यको दिये गये है उसमें उस वर्ग का पूरा अधिकार है जिसे भाजपा उनसे छीन नहीं सकती। भाजपा मुद्दों से भटकाने की बात करती है, लेकिन हमें भाजपा को लगाम लगाने मुद्दों पर पूरी दमदारी से अपना पक्ष रखना है। उन्होंने कहा कि मा. अध्यक्ष जी की भावनानुसार आगामी समय में प्रवक्ताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जायेगा।

बैठक में मप्र कांग्रेस के प्रवक्तागण सर्वश्री भूपेन्द्र गुप्ता, मृणाल पंत, शैलेन्द्र पटेल, संतोष गौतम, बैजनाथ कुशवाह, अभिषेक गौर राम पाण्डेय, सुश्री संगीता शर्मा, मिथुन अहिरवार, रवि वर्मा, सुश्री फरहाना खान, अवनीश बुंदेला, आनंद जाट, जितेन्द्र मिश्रा, संतोष सिंह परिहार, राजकुमार केलू उपाध्याय, अभिनव बरोलिया, मिथुन अहिरवार, सुश्री अपराजिता पांडे, विवेक त्रिपाठी, सुश्री स्पर्श चौधरी, प्रमोद द्विवेदी, नीलाभ शुक्ला, हिदायत उल्ला खान, अमित चौरसिया, हिमानी सिंह, हर्ष जैन, आनंद जैन कासलीवाल, अंबिका शर्मा, रविन्द्र सिंह तोमर, रीतेश त्रिपाठी, अमित तावड़े, फिरोज सिद्दीकी, सीतासरन सूर्यवंशी, सै. खालिद कैस, विक्रम चौधरी, ज्योति पटेल, शहरयार खान, श्रीमती प्रतिभा विक्टर सहित अन्य प्रवक्तागण उपस्थित थे।

## 25 दिसंबर को सागर सांसद पार्टी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं के साथ खजुराहो पहुंचकर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगी

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खजुराहो के मेला ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे और देश की पहली केन - बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की आधारशिला रखेंगे।



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेडे सागर से पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ सुबह वाहनों से खजुराहो के लिए रवाना होगी और वहां पहुंचकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगी और पूर्व प्रधानमंत्री स्?व. अटल बिहारी वाजपेई जी नदी जोड़ो अभियान के सपने को मूर्त रूप देने आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करेंगी।

## जिला अधिवक्ता संघ सागर द्वारा आज अधिवक्ता डायरी विमोचन एवं वितरण किया

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। जिला अधिवक्ता सागर द्वारा आज जिला न्यायालय में अधिवक्ता डायरी का विमोचन किया गया तथा उक्त डायरी सम्मानीया अधि वक्ताओं के मध्य में वितरण किया गया,, कार्यक्रम का आयोजन जिला अधिवक्ता संघ के बार रूम क्रमांक 2 में किया गया तथा जिला अधिवक्ता संघ सागर के सचिव एड वीरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त डायरी के विमोचन कार्यक्रम में सागर जिले के प्रधान जिला न्यायाधीश एम के शर्मा, विशेष न्यायाधीश प्रदीप सोनी,विशेष न्यायाधीश न्यायाधीश प्रशांत सक्सैना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश सिंह राणा, वार काउंसिल आफ मध्य प्रदेश के सदस्य राजेश पांडे जी अधिवक्त संघ सागर के अध्यक्ष एड जितेंद्र सिंह राजपूत,के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ सागर के अध्यक्ष एड जितेंद्र सिंह राजपूत,सचिव एड वीरेंद्र राजपूत, उपाध्यक्ष महेंद्र कौरव कोषाध्यक्ष आलोक प्यासी पुस्तकालय अध्यक्ष योगेंद्र स्वामी सह सचिव मनोज सेन कार्यकारिणी महिला कार्यकारिणी सदस्य अनीता राजपूत,सदस्य दीपक शर्मा अंशित बलिया, पंकज त्रिवेदी, श्याम सेन, उपस्थित रहे।

## निगमायुक्त ने कर्मचारी एवं उसकी पत्नि की मृत्यु उपरांत उपादान राशि नाबालिग बच्चों को एफ.डी.आर.बनवाकर प्रदान की

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने लोककर्म शाखा में कार्यरत स्थायीकर्मी कर्मचारी गोपाल बसोर की मृत्यु उपरांत उनको मिलने वाली उपादान की राशि पत्नि श्रीमति फूलाबाई को दी जाना थी लेकिन श्रीमती फूलाबाई का आकस्मिक निधन हो जाने के कारण उनके नामांकित नाबालिग पुत्र दीपक उम्र 15 वर्ष एवं रूपेश उम्र 11 वर्ष को उपादान राशि 2 लाख 4 हजार 520 रूपये को दो भागों में विभाजित कर रू. 1 लाख 2 हजार 260 की दो अलग-अलग एफ.डी.आर.बनाकर प्रदान की गई।



# एक उधम हजार नौकरी पैदा करता है अतः आप नौकरी देने वाले बने न कि नौकरी करने वाले- विधायक

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में कौशल सम्बर्द्धन- स्वरूप एवं संभावनाए विषय पर एक दिवसीय राष्टीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ. सरोज गुप्ता प्राचार्य के मार्गदर्शन मे आयोजित किया गया कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अमर कुमार जैन तथा आयोजन सचिव डॉ. राणाकुंजर सिंह तथा डॉ. शुचिता अग्रवाल रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रेखा बरेठिया अतिरिक्त संचालक तथा विशिष्ट अतिथि नितिन शर्मा जनभागीदारी अध्यक्ष एवं सुनील कुमार सिंह क्षेत्रीय महाप्रबंधक एस.बी.आई. रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकप्रिय विद्यायक शैलेन्द्र जैन ने अपने उदबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि कौशल युक्त हाथो ने मिट्टी को भी सोना बना दिया है। हमारे कुम्हार भाई मिट्टी की कलाकृतियों को विदेशों में बेचकर डॉलर कमा रहे है। भारतीय संस्कृति में नौकरी को बहुत सम्मान से नहीं देखा जाता है बल्कि कृषि उद्यम को सर्वश्रेष्ठ माना गया है। एक उद्यम हजार नौकरी पैदा करता है अत: आप नौकरी देने वाले बने न कि नौकरी करने वाले बने। आपने कहा इस तरह के सेमिनार विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशालाए है जहां पर विषय के जानकार अपना अनुभव आपको देते है। डॉ. सरोज गुप्ता प्राचार्य ने स्वागत भाषण देते हुए संगोष्ठि की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि कौशल वर्तमान समय की न केवल आवश्यकता है बल्कि आर्थिक विकास के लिए उपयोगी भी है। सेमिनार का समाहार प्रतिवेदन डॉ. अमर कुमार जैन संयोजक ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नारद एवं सनत ऋषी के संवाद ने पृथ्वी पर क्या नाम श्रेष्ठ है से लेकर आत्मा श्रेष्ठ है तक का संवाद प्रस्तुत किया। असरार अहमद एवं अंशिता बजाज द्वारा 15 दिवसीय पेटिंग स्वरोजगार कार्यशाला के विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र दिये गये। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. श्रीराम परिहार ने कहा कारीगर जब कौशल करता है तो वह अपना सर्वोच्च समर्पण करता है। विज्ञान पदार्थो का ज्ञान नहीं है बल्कि तत्व चिंतन के आधार पर सत्य की खोज का नाम विज्ञान है। भाषा कौशल से आशय उच्चारण एवं लेखन दोनो से है। विशिष्ट अतिथि अजय तिवारी कुलाधिपति स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर ने भाषा की कुशलता को व्यवसायिकता से संबंध स्थापित करते हुए कहा कि भाषा तपस्या है ऐसा लिखे जो सूत्र वाक्य बन जाये। मुख्य वक्ता डॉ. रजनी गुप्ता ने कहा कि ऐसा कार्य करो जो लीग से हटकर है तथा आपकी रूचि का है वह कौशल है। वैश्विक बाजार हस्तशिल्प माटीकला रेशम के लिए भारतीय उद्योगो पर निर्भर है। डॉ. विवेकानद उपाध्याय बनारस ने कहा हजार वर्षो के इतिहास में हिन्दी में जितने रोजगार उपलब्ध है वह पहले कभी नहीं थे। डॉ. शरद सिंह ने कहा कौशल का आपको उदाहरण देखना है तो आप भिखारियों को देखिये वह अपने कौशल से आपको रूपये देने के लिए बाध्य कर देते है। डॉ. बहादुर सिंह परमार छतरपुर ने भाषा कौशल से रोजगार के संबंध में कहा स्थानीय भाषाओं में रील बनाकर ग्रामीण लोग लाखों रूपये कमा रहे है। भाषा का प्रस्तुतिकरण रोजगार का माध्यम बनता है। व्याख्याता टीकाराम त्रिपाठी ने वेदो से रोजगार के विषय में अपनी बात रखी समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. विनोद कुमार मिश्र कुलगुरू रानी अंबन्तीबाई विश्वविद्यालय ने कहा कौशल शब्द का प्रत्यक्ष संबंध अर्थशास्त्र से है माग एवं पूर्ति का सिद्धांत कौशल की उपयोगिता को सिद्ध करता है। तक्षशिला नालंदा विश्वविद्यालय ने संपूर्ण विश्व को भारतीय ज्ञान की महिमा से परिचित कराया। डॉ. के.एस. पित्रे पूर्व कुलपति डॉ. हरीसिंह गौर ने कहा कि भारत में 17 करोड नौकरी निकल्ती है लेकिन बेरोजगारो की संख्या 35 करोड है इनका अंतर कौशल विकास से ही संभंव होगा। डॉ. अरविन्द जैन ने वाणिज्य कौशल के विषय में बताया डॉ. आशीष द्विवेदी डायरेक्टर इंकमीडिया ने कहा कि कौशल डी.एन.ऐ. से भी आती है। विष्णुआर्य योगाचार्य ने कहा कि योग वर्तमान समय में सम्पूर्ण विश्व के रोजगार का माध्यम बना हुआ है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमर कुमार जैन संयोजक राष्टीय संगोष्ठि, डॉ. राणा कुंजर सिंह आयोजन सचिव तथा डॉ. अभिलाषा जैन ने किया कार्यक्रम मे डॉ. इमराना सिद्दीकी, डॉ. संगीता मुखर्जी, डॉ. शुचिता अग्रवाल, डॉ. प्रतिभा जैन, डॉ. दीपक जॉनसन, डॉ. संगीता कुम्भारे, डॉ. जयनारायण यादव, डॉ. भरत शुक्ला, डॉ. अंकुर गौतम, डॉ. संदीप तिवारी, डॉ. कनिष्क तिवारी, सुनील प्रजापति सहित 500 विद्यार्थी उपस्थित है।



# पंडित बनारसी दास जी ने दिया बुंदेलखंड विकास में महत्वपूर्ण योगदान-राम गोपाल

## जयंती समारोह- पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी को किया याद

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। पंडित बनारसदास चतुर्वेदी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। शिक्षा के साथ ही समाजहित में उनके द्वारा किए गए कार्यों ने टीकमगढ़ सहित समूचे बुंदेलखंड के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी नीतियां और सिद्धांत अनुकरणीय रहे हैं। कुंडेश्वर को उन्होंने अपनी कर्मभूमि ही नहीं बनाया, बल्कि यहां शिक्षण संस्थान डाइट सहित अन्य कार्यों को बखूबी अंजाम दिलाया। यह विचार जिले के जाने माने व्यंगकार रामगोपाल रैकवार ने यहां कुंडेश्वर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। समाचार पत्र मधुकर के संपादक एवं बीटीआई के प्रथम प्राचार्य पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी की जयंती डाइट कुंडेश्वर में मनाई गई। इस दौरान अनेक वक्ताओं ने पंडित जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने के साथ की उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।



डाइट प्राचार्य एसएस पटैरिया की अध्यक्षता में डाइट संस्थान की प्रतिमा स्थली पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध विहारी श्रीवास्तव साहित्यकार व कवि रहे। इसके साथ ही विशेष अतिथि के रूप में महेन्द्र पोतदार एवं कवि दीनदयाल तिवारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संचालन अरविंद द्विवेदी ने किया। उन्होंने संस्था की स्थापना में बनारसी दास जी के योगदान को विस्तार से बताया और उनके कार्यों के बारे में अतिथियों को जानकारी दी। इस अवसर पर सियाराम अहिरवार, पत्रकार प्रदीप खरे, केएल टेलर वृक्षाम्बर महाराज, गीतिका वेदिका, बैदेही त्रिपाठी, एके द्विवेदी, राजा सिरवैया, रामजी तिवारी, राना लिधौरी, आरके पुरोहित, रविन्द्र यादव, शकूर मुहम्मद, हरेन्द्र पाल सिंह, रामगोपाल रैकवार सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान वक्ताओं ने डाइट से पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी का नाम हटा दिए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उनके नाम से डाइट संस्था को किए जाने पर जोर दिया। इस मांग का उपस्थित साहित्यकारों एवं कवियों ने समर्थन किया। पूर्व में संचालित बुनियादी प्रशिक्षण संस्थान पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी के नाम से संचालित रही। लेकिन डाइट बनने के बाद से ही पंडित जी का नाम गायब कर दिया गया। यहां बता दें कि उनके ही प्रयासों से यहां राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद का आगमन ही नहीं हुआ, बल्कि जिले को राजेन्द्र अस्पताल, राजेन्द्र सागर बांध, राजेन्द्र पार्क की सौगात दी गई। पंडित जी ने मधुकर का संपादन करते हुए बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने पत्रकारों के हितों का भी ध्यान रखा और प्रदेश में संगठन को मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण प्रकाश जी नायक ने दिया एवं अतिथियों का स्वागत अशोक द्विवेदी ने किया। समारोह के अंत में आभार व्यक्त संस्था के प्राचार्य एसएस पटैरिया ने किया।

***चाय की चुश्कियां और पापड़ का स्वाद-***

पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी जी को पंच-प बेहद पसंद थे। इनमें पापड़, पपीता, पान, परोड़ा एवं पलाश शामिल रहे। उनके जयंती समारोह के बीच उनकी खास पसंदों में शामिल चाय की चुश्कियों के बीच पापड़ का अतिथियों ने स्वाद लिया। इसके साथ ही स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया। बताया गया कि उनके द्वारा यहां आजादी के पावन अवसर पर चंदन का रोपण किया गया था, जिसे अब चंदन माफियाओं द्वारा काट लिया गया है। लेकिन पीपल एवं पलाश अब भी यहां लगे हुए हैं।

***पापट संग्रहालय की भी हुई चर्चा-***

साहित्कार एवं मधुकर के संपादक रहे पंडित बनारसीदास चतुर्वेदी का प्रथम निवास जो अब पापट संग्रहालय का रूप ले चुका है। पत्रकार प्रदीप खरे ने पापट संग्रहालय की दशा सुधारे जाने एवं यहां महिलाओं के लिए सर्व सुविधायुक्त सुलभ काम्पलेक्स बनाए जाने पर जोर दिया। श्री खरे ने कहा कि यहां मौजूद मूर्तियों पर नाम एवं सन् आदि का उल्लेख किया जाना जरूरी है, जिससे पर्यटकों को पर्याप्त जानकारी हो सके। पूर्व में यहां मूर्तियों पर देवी-देवताओं के नाम एवं सन् आदि लिखे हुए थे, जो मूर्तियों के स्थानान्तरित होने के बाद से हट चुके हैं। इसके साथ ही राजेन्द्र सागर बांध के सौंदर्यीकरण एवं गहरीकरण पर भी जोर दिया गया, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक और स्थान उपलब्ध कराया जा सके।

# अमित शाह जब तक माफ़ी नहीं मांगेंगे, आंदोलन जारी रहेगा- यादवेंद्र सिंह

**अंबेडकर सम्मान यात्रा निकाल कर कांग्रेस ने की अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी**



परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। कांग्रेस पार्टी द्वारा आज अम्बेडकर सम्मान यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा नगर के अम्बेडकर चौराहे से आरंभ हुई। बताया गया है कि यात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी के विधायक, अध्यक्ष व कार्यकर्त्ता बाबा साहब की प्रतिमा के समीप इकठे हुए। जहां अमित शाह के खिलाफ कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे बाजी की। टीकमगढ़ विधायक यादवेंद्र सिंह ने बताया की अमित शाह के द्वारा जो अम्बेडकर जी का अपमान किया गया है, उसके विरोध में यह प्रदर्शन किये जा रहे हैं। जब तक अमित शाह माफ़ी नहीं मांगेगे, तब तक विभिन्न तरीकों से प्रदर्शन जारी रहेगा। आज अम्बेडकर चौराहे से सम्मान यात्रा निकली गई। यह यात्रा अम्बेडकर चौराहे से अस्पताल चौराहे तक निकली, जहाँ राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें राहुल गाँधी पर हुई एफआईआर की उच्च स्तरीय जाँच कराने की मांग की गई। इसके साथ ही अमित शाह से माफ़ी मांगे जाने की अपील की गई हैं। विधायक श्री सिंह ने अमित शाह द्वारा बाबा साहब को लेकर की गई टिप्पणी पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने अमित शाह के बयानों को आपत्तिजनक बताया। आयोजन के दौरान कांग्रेस से विधायक यादवेन्द्र सिंह, प्रदेश महिला सचिव किरण अहिवार, टीकमगढ़ कांग्रेस प्रभारी रेखा चौधरी, खरगापुर विधायक चंदा-सुरेंद्र सिंह व कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

**जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त आवेदन पत्रों के त्वरित निराकरण के दिये निर्देश**

## जनसुनवाई में 43 आवेदनों पर हुई सुनवाई

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर संयुक्त कार्यालय परिसर में जनसुनवाई आयोजित की गई। संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में तहसीलदार टीकमगढ़ कुलदीप सिंह, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों के साथ आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिया। उन्होंने प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

***43 आवेदनों पर हुई सुनवाई-***

जनसुनवाई में आज आमजन से प्राप्त 43 आवेदनों पर सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों को 10 दिवस में निराकृत कर उसका प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में आमजनता से प्राप्त पेंशन, उपचार सहायता, खाद्यान्न पर्ची प्राप्त नहीं होने, गरीबी रेखा में नाम शामिल करने, सीमांकन, विधवा तथा दिव्यांग पेंशन, राहत राशि के वितरण तथा जाति प्रमाण पत्र सहित विभिन्न आवेदन पत्रों पर सुनवाई की गई।

### केन- बेतवा लिंक परियोजना जागरण कार्यक्रम-

## छात्राओं ने अनंतपुरा में निकाली रैली, दी जानकारियां

टीकमगढ़। केन बेतवा लिंक परियोजना का जनजागरण को लेकर शासकीय अवंती बाई कन्या महाविद्यालय टीकमगढ़ द्वारा अपने गोद ग्राम पंचायत अनंतपुरा में पहले एक रैली गांव में निकाली गई। उसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय किसान संघ जिलाध्यक्ष शिव मोहन गिरि, महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा नायक, महाविद्यालय प्राचार्या श्रीमती प्रवीण झाम, कृषि विस्तार अधिकारी केपी अहिरवार, इंजीनियर सिचाई विभाग मूलचंद अहिरवार का राष्ट्रीय सेवा योजना का बेच लगाकर सम्मान किया गया। इसके बाद कृषि विस्तार अधिकारी केपी अहिरवार ने केन बेतवा लिंक परियोजना का जानकारी दी। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिव मोहन गिरि ने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना हमारे बुंदेलखंड के लिए वरदान साबित होगी। क्योंकि इसके पहले चरण में हमारे जिले की चार तहसील के 131 गांवों को शामिल किया जा रहा है, जहां 365 दिनों में 24 घंटे पानी उपलब्ध रहेगा। इससे हमारे किसान का जीवन सुखी व सम्पन्न होगा। उसे रोजगार के लिए महानगरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। वह एक वर्ष में तीन से चार फसलें ले सकेगा। इस किसान सम्मेलन में कई किसान व महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही।

# हैलीपेड, सैनिक स्कूल, आकाशवाणी, झांसी-जबलपुर रेलवे लाईन का इंतजार

## पीएम मोदी के दौरे से है टीकमगढ़ वासियों को नई उम्मीद

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। केन-बेतवा को जोड़ने के लिए लाई गई परियोजना की आधारशिला रखने देश के प्रधानमंत्री बुंदेली धरा पर पर्यटन नगरी खजुराहो आ रहे हैं। उनके आगमन की जहां प्रशासनिक एवं बीजेपी स्तर पर जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। यह दौरा राजनैतिक स्तर पर एवं विकास के स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पड़ोसी जिला छतरपुर में होने जा रहे पीएम श्री नरेन्द्र मोदी के इस भव्य कार्यक्रम के दौरान बुंदेली धरा के टीकमगढ़ वासियों को भी उम्मीद है कि इस जिले के लिए भी पीएम श्री मोदी कुछ नई सौगात देंगे। अब देखना है कि लोगों की उम्मीद पर वह कितना खरा उतरते हैं। कहीं टीकमगढ़ की कार्यक्रम में पहुंचने वाली लाखों की संख्या में जनता वहां से मायूस तो नहीं लौटेगी।



निवाड़ी को जिला बनाए जाने के बाद से ही टीकमगढ़ जिला बेजान से हो गया है। पर्यटन की दृष्टि से गहरा आघात झेल रही टीकमगढ़ की धरा को पीएम से उम्मीद होना लाजमी है। ओरछा, गढ़ कुंडार एवं अछरूमाता से बिछोह के बाद से यहां की जनता मायूस हो गई हैं। अब यहां पर्यटन का अभाव लोगों को खटकने लगा है। कुंडेश्वर के अलावा यहां की धार्मिक स्थलियों को विकास का इंतजार है। यहां बता दें कि बैजनाथ धाम मवई, विंध्यवासनी बल्देवगढ़, ग्वाल सागर तालाब, नंदनवारा तालाब, हिंगलाज माता मंदिर गुढ़ा, कालका माता देरी सहित अन्य स्थानों के विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसके साथ ही टीकमगढ़ को हैलीपेड, आकाशवाणी, सैनिक स्कूल को लेकर पिछले पांच दशक से उम्मीद बनी हुई है। पर्यटन के लिए जिले का विकास आवश्यक है। यहां तीन विधानसभा में अब केवल एक विधानसभा ही बीजेपी के खाते में गई है, जबकि संसदीय निर्वाचन के दौरान भारी अंतर से बीजेपी के डां वीरेन्द्र कुमार जी को यहां की जनता ने पसंद भी किया है। वह केन्द्र सागर में इन दिनों मंत्री भी हैं। संयोग से टीकमगढ़, छतरपुर एवं निवाड़ी एक ही संसदीय क्षेत्र में आते हैं। यहां की मायूस हुई जनता को खुशहाल बनाने के लिए यहां रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही हैलीपेड, सैनिक स्कूल, आकाशवाणी टीकमगढ़, रेलवे डिब्बो के निर्माण का कारखाना एवं अन्य साधन उपलब्ध कराए जाना आवश्यक है। यह दौरान टीकमगढ़ जिले के लिए क्या कोई बढ़ी सौगात लेकर आता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा यहां टीकमगढ़ को जंक्शन बनाए जाने का है। कहा जा रहा है कि यदि झांसी से वाया टीकमगढ़ होते हुए जबलपुर या सागर के लिए रेलवे लाइन डाली जाती है, तो इस क्षेत्र के लाखों करोड़ों लोगों को इस सुविधा का जहां लाभ मिल सकेगा, वहीं इस क्षेत्र के लिए जबलपुर एवं अन्य स्थानों के लिए यात्रा सुलभ हो सकेगा। कहा जा रहा है कि इसके साथ ही गुना से खजुराहो रेलवे लाइन की भी यहां के लोगों को आवश्यकता रही है। इस लाइन के हो जाने से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लाखों लोग लाभान्वित हो सकेंगे।

# बाबा साहब के अपमान को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पैदल मार्च निकालकर सौंपा ज्ञापन, संविधान की ली शपथ





ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई अनर्गल टिप्पणी को लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में लगातार प्रदर्शन किया जा रहा हैं में अलग-अलग तरीके से प्रदर्शन किया जा रहा है तथा अमित शाह से इस्तीफा की मांग की जा रही है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अंबेडकर चौक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सबसे पहले बाबा साहेब के चित्र पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह के नेतृत्व में माल्यार्पण करते हुए उनके द्वारा देश हित मे किए गए। योगदान को याद किया तत्पश्चात उपस्थित कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सरकार तथा अमित शाह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई तथा गृहमंत्री अमित शाह की इस्तीफाकी मांग की गई तथा संविधान की शपथ लेनके पश्चात् उपस्थित उक्त सभा रैली में तब्दील हो गई भ्रमण करते हुए उक्त रैली गांधी चौक पहुंची जहां पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को माल्यर्पण करते हुए रघुपति राघव राजा राम गीत गाकर अनर्गल टिप्पणी करने वालों को सद्बुद्धि देने भगवानसे अर्चना की गई एवं राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाजी सिंह ने कहा कि जब तक अमित शाह इस्तीफा नहीं देंगे कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन बाबा जी के सम्मान में लगातार जारी रहेगा कार्यक्रम को पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे ने भी संबोधित किया तथा कहा कि हमारी एक ही मांग है अपमान जनक टिप्पणी करने वाले गृहमंत्री अमित शाह का इस्तीफा इसके अलावा हम कुछ नहीं चाहते हैं उक्त कार्यक्रम को देवेंद्र नगर ब्लॉक अध्यक्ष आनंद शुक्ला वैभव थापक जय राम यादव जीवनलाल सिद्धार्थ आदि ने भी संबोधित किय इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक महेंद्र बागरी वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मिश्रा पंडित राम अवतार तिवारी डी के दुबे पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कांग्रेस नेता देवेंद्र यादव मार्तंड देव बुंदेला ब्लॉक अध्यक्ष अजयगढ़ दादूराम मिश्रा अमानगंज भभूतसिंह राजपूत पन्ना अक्षय तिवारी नगर पंचायत अध्यक्ष देव नगर जय कुमार कुशवाहा सेवादल अध्यक्ष राम बहादुर द्विवेदी पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष राजबहादुर पटेल अल्पसंख्यक अध्यक्ष डॉक्टर कदीर खान कार्यवाहक अध्यक्ष अनीश खान श्रीमती रेणु शर्मा देवकी प्रजापति श्रीमती रहीमा खातून मनीष मिश्रा नसीम सिद्दीकी राकेश गर्ग भोपाल सिंह रवि यादव रामदास जाटव शंकर प्रसाद द्विवेदी राम बहरीलोधी पुष्पेंद्र गर्ग धूरामचौधरी संजय पटेल शीतल प्रसाद मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा पहलाद सिंह यादव प्रेम नारायण यादव अंकित शर्मा कपूर सिंह सलभ मिश्रा शेख मोहम्मद पुष्पेंद्र शर्मा वसंत बागरी धर्मेंद्र वर्मा ओंकार सिंह जगदीश यादव देशराज संदीप गुप्ता जीतू यादव अजीत विश्वकर्मा अमित शर्मा भूपेंद्र सिंह परमार संजय पटेल मिलन कुशवाहा मिनहाजहुसैन विक्रम सिंह यादव यूनुस खान राहत अली रियासत खान लखन केवट रज्जन यादव सरदार सिंह यादव रेवती रमन दीक्षित जयराम यादव नसीम सिद्दीकी देबगोंड सौरभ पटेरिया मुन्ना तिवारी हर्ष प्रताप सिंह वेद प्रकाश तिवारी श्रवण तिवारी, श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी, चांदनी जाटव, तुलसी दास त्रिपाठी, रामभुवन शर्मा, मुकेश पटेल, संदीप शुक्ला, चन्द्रशेखर त्रिपाठी, राम किशोर दहायम, लखन लोधी आदि।

# संत श्री राम लला सरकार का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/त्रिकालदर्शी एवं चमत्कारी संत श्री राम लला सरकार भारत को हिंदू राष्ट्र बना कर देश के समस्त भूषण खाने बंद करवा कर गाय को राष्ट्रमाता घोषित करवाने सहित लोक कल्याण, एकता भाईचारा एवं विश्व शांति के उद्देश्य से देश भर के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर अनुष्ठान कर रहे हैं। वर्तमान में नेशनल हाईवे 39 के लगे ग्राम सकरिया के पास झारखंडन धाम में विशेष अनुष्ठान कर रहे हैं। जैसे ही आज 24 दिसंबर को श्री राम लला सरकार पन्ना पहुंचे डायमंड चौक में स्थानी लोगों ने पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया, इसके बाद गांधी चौक में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया, जुगल किशोर मंदिर में धर्म प्रेमियों ने स्वागत किया, भगवान श्री जुगल किशोर के



दर्शन उपरांत श्री राम सरकार मोहन निवास चौक पहुंचे जहां होटल मोहन राज विलास में समाजसेवी मनोज केसरवानी के नेतृत्व में सैकड़ों गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने स्वागत किया जहां कुछ देर वार्तालाप उपरांत श्री राम लला सरकार आश्रम के लिए प्रस्थान कर गए। बता दें कि श्री राम लला सरकार वर्तमान में झारखंडन धाम में विशेष धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं, जहां धर्म प्रेमी जन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पहुंचकर मुलाकात कर सकते हैं।


# नीलम पान्डेय का दुखन निधन



पन्ना/पन्ना शहर के जगात चौकी निवासी जिला सहकारी संघ पन्ना के प्रबंधक योगेश पांडे की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम पांडे का विगत दिनांक 21 दिसंबर को उपचार के दौरान जिला अस्पताल पन्ना में दुखद निधन हो गया है। श्रीमती पांडे 57 वर्ष की थी और बिगत दो माह से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थी। श्रीमती पांडे के असमय दुखद निधन से पन्ना शहर में शोक की लहर व्याप्त हो चुकी है। श्रीमती पांडे का अंतिम संस्कार प्रयागराज में किया गया। श्रीमती नीलम पांडे के दुखद निधन पर सहकारिता विभाग से जुड़े कर्मचारी गणमान्य नागरिकों पत्रकार बंधु समाजसेवियों ने गहरा तो व्यक्त करते हुए मृत आत्मा कि शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पाण्डेय के पिता का निधन पत्रकारों में शोक की लहर

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पाण्डेय के पूज्य पिता दादूराम पाण्डेय का लंबी बीमारी के बाद दुखद निधन होने से उनके परिवार सहित पत्रकारों में शोक की लहर व्याप्त है। वह 86 वर्ष की उम्र पार कर चुके थे और काफी समय से बीमार चल रहे थे 24 दिसंबर 2024 को भोर सवेरे 4:30 बजे उन्होंने जिला अस्पताल पन्ना में आखिरी सांस ली, बता दें कि श्री पाण्डेय की माता जी जब वह 5 वर्ष की उम्र के थे तभी उन्हें छोड़कर स्वर्ग सिधार गई थी इसके बावजूद पिता ने अपने पुत्रों के लालन-पालन में कोई कमी नहीं छोड़ी और पढ़ा लिखा कर योग्य बनाया, वह अपने पीछे 2 पुत्र 1 पुत्री पुत्रवधू नाती पोते सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। 24 दिसंबर को दिन में लगभग 2:00 बजे उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम रामनई के शांतिधाम में किया गया।



# विद्युत फीडर विभक्तिकरण को लेकर भारी अनियमितता एवं भ्रष्टाचार ठेकेदार एवं अधिकारी मिलकर कर रहें घटिया कार्य

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जिले में विद्युत विभाग में फीडर विभक्तिकरण का कार्य चल रहा है। जिसमें भारी अनियमितता एवं मनमानी ठेकेदार एवं संबंधित विभाग के अधिकारीयो द्वारा की जा रही है, जिसके विरोध में स्थानीय लोग ने कलेक्टर को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। स्थानीय लोगो ने शिकायत में कहा कि कंपनी के प्रोजेक्टर हेड तथा ठेकेदार को हटाया जाये तभी यह व्यवस्था सुधर सकती है। प्रोजेक्ट हेड आतार खान हैं। फीडर में कराए जा रहे कार्यों में जो पोल खड़े किए जा रहे हैं उनमें नियम अनुसार बोल्डर एवं कंक्रीट नहीं डाला जा रहा, फीडर में कराए जा रहे कार्यों में आम नागरिकों से पैसों की मांग की जा रही है। जहां आवश्यकता है वहां कार्य न करवा कर अन्य स्थानों पर अनावश्यक कार्य किये जा रहे हैं। जिस प्राइवेट कंपनी द्वारा कार्य किया जा रहा है उस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा जातिगत भावना से अपने व्यक्तियों को पेटी का ठेका देकर कार्य करवाया जा रहा है। गुणवत्ता युक्त कार्य करने वाले लोकल ठेकेदारों को काम नहीं दिया जा रहा, कार्यों में सुपरविजन करने के लिए रखी गई थर्ड पार्टी कभी साइड में जाकर कार्यों का निरीक्षण नहीं करती, तीसरी पार्टी को रखा गया है, कंपनी के इंजीनियर पुष्पेंद्र सेन द्वारा अपना खुद का वाहन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर के लिए दिया गया है, इस प्रकार तीसरी पार्टी भी मिली हुई है। उक्त समस्त अनियमितताओं की जांच करवा कर कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन के दौरान अंकित अरजरिया, विनोद पटेल, सिद्धार्थ शर्मा, फूलचंद पटेल सहित काफी संख्या में स्थानीय लोग शामिल रहे।




# ग्राम पंचायत कल्दा मे आयोजित किया गया जन कल्याण अभीयान शिविर

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/ग्राम पंचायत कल्दा में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत शिविर लगाया गया जिसमें मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष सुखदेव सिंह सरपंच शिवकुमार सेन नोडल अधिकारी के रूप में इंजीनियर रवि त्रिपाठी उपस्थित रहे तथा सचिव अनिल सक्सेना रोजगार सहायक ज्ञानेद्र चतुर्वेदी एवं हल्का पटवारी कल्दा सरमन प्रसाद कोदर भी उपस्थित रहें। जन कल्याण शिवर में लगभग 81 आवेदन आये थें जिनका निराकरण किया गया तथा कुछ आवेदन संबंधित विभाग को भेज दिये गये।

# खजुराहो में मोदी की सभा आज

## पन्ना जिले से एक हजार बसों में जायेंगें कार्यकर्ता

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/केन बेतवा पर लिंक परियोजना का भूमि पूजन खजुराहो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें आस पास के सभी जिलो से भीड़ जोड़ी जा रही है। पन्ना जिले से लगभग एक हजार यात्री बसों को लेजाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें लगभग पचास हजार से अधिक लोग शामिल होगें। क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा, विधायक पन्ना, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक गुनौर राजेश वर्मा, विधायक पवई प्रहलाद लोधी तथा जिला भाजपा अध्यक्ष ने लोगो से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



# संस्कृति के रंग इन कार्यक्रमों में देखने मिला-राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी

## -बुंदेली जलवा में कला बहती है-राज्यमंत्री लखन पटेल

## -बुंदेली जलवा कार्यक्रम की निरंतरता बनी रहे- सांसद राहुल सिंह



**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 24 दिसम्बर। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा बुंदेली जलवा महोत्सव के आयोजक संजय सरवरिया को बहुत-बहुत बधाई देता हूं, बहुत ही अच्छा कार्यक्रम उन्होंने आयोजित करवाया है। वास्तव में जो संस्कृति के रंग इन कार्यक्रमों में देखने मिला है, बहुत ही बेहतरीन कार्यक्रम रहे, इन कार्यक्रमों को देखकर ऐसा लगता है कि मनुष्य चाहे तो कुछ भी कर सकता है, मलखंब का प्रोग्राम बहुत ही जबरदस्त था और भी नृत्य हुए जो कहीं ना कहीं भारतीय संस्कृति को प्रकट करने वाले नृत्य है। उन्होंने कहा हमारे बुंदेलखंड की संस्कृति, मध्य प्रदेश संस्कृति और देश की संस्कृति ऐसे ही आगे बढ़ती रहे। संजय सरवरिया इसी प्रकार से कार्यक्रम आयोजित करवाते रहे। निश्चित रूप से यदि आप संस्कृति मंत्रालय से सहयोग चाहेंगे, सहयोग दिया जाएगा।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा बुंदेली जलवा महोत्सव का लगातार तेरवा वर्ष है, मैं कई कार्यक्रमों में गया हूं अच्छा आयोजन होता है, वास्तव में कला बहती है, लोगों को अपना टैलेंट दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा संजय सरवरिया यह कार्यक्रम किसी से सहयोग लिए बिना करते हैं, यह बहुत अच्छी बात है, उनके लिये मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं बहुत-बहुत बधाई।

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा संजय सरवरिया हर वर्ष बुंदेली जलवा महोत्सव के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मौका देते हैं और बाहर से दिल्ली, मुंबई, चंडीगढ़ से अलग-अलग प्रतिभाओं को यहां बुलाते हैं, उनको मंच देते हैं, इसके लिए आपको बधाई और साधुवाद देता हूं। उन्होंने कहा सबसे अच्छी बात है कि बिना सहयोग के केवल हमारी उपस्थिति ही आपका सहयोग रहता है, प्रभु से प्रार्थना करूंगा इस कार्यक्रम की निरंतरता बनी रहे, हर वर्ष सभी लोग यहां आते रहे।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कलाकारों और दर्शकों का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा संजय भैया का बहुत-बहुत धन्यवाद कि हम सभी को इस कार्यक्रम का एक हिस्सा बनाया, हम सभी को यहां पर बुलाकर इतने अच्छे-अच्छे कार्यक्रम दिखाएं, यहां पर ऐसे-ऐसे कलाकार आए हैं जो इंडिया गॉट टैलेंट और अमेरिका गॉट टैलेंट में गए हैं, इसलिए यह भी एक इंटरनेशनल शो बन गया है।

संजय सरवरिया ने कहा कि यदि आपके अंदर कुछ है और यदि आपको आगे बढ़ाना है तो उसके लिए जिद बहुत जरूरी है, जिद आपको बहुत आगे ले जाती है। उन्होंने कहा 13 साल पहले 2011 में पहला आयोजन किया था, आज यह तेरवा बुंदेली जलवा महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया।

# उपभोक्ता अधिनियम में आपके अधिकारों को प्रावधानित किया गया है, आपको सुरक्षा प्रदान की गई है, आप अपने अधिकारों के प्रति जागरुक रहें और उचित सेवा प्राप्त करें- जिला न्यायधीश एवं अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम ऋषभ कुमार सिंघई

## -जन जागरूक करने और जनता के हित के लिए जो-जो भी काम हो सकते हैं, राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष में आप लोगों के लिए किए हैं-पूर्व वित्तमंत्री एवं विधायक श्री मलैया

## -राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जन जागरूकता का शानदार प्रयास किया गया-राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. कुसमरिया

## -हर व्यक्ति एक उपभोक्ता है, हम सभी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे और जिला प्रशासन के तौर पर हम प्रतिबद्ध हैं की उपभोक्ताओं की जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाए-कलेक्टर श्री कोचर

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया एवं पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में विधायक दमोह और पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाए गए शिवरों का अवलोकन किया। शिविर में दी जा रही योजनाओं की जानकारी ली। इसके साथ ही शिविर में आए आमजनों से चर्चा की। कार्यक्रम में खाद्य पदार्थ में मिलावट संबंधी डेमोंसट्रेशन भी दिया गया। इस अवसर पर विभिन्न वक्ताओं ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने सम्बंधी अपने विचार विस्तार से रखें।

इस अवसर पर जिला न्यायधीश एवं अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम ऋषभ कुमार सिंघई ने कहा आज पूरा देश राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मना रहा है। वर्तमान समय में समय की मांग यह है कि प्रत्येक व्यक्ति उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक हो, उपभोक्ता सेवाओं का विस्तार बहुत तेजी से हो रहा है, ऑनलाइन भी प्राप्त हो रही हैं, फिजिकल भी आप प्राप्त कर रहे हैं, बाजार जाने की जगह लोग घर बैठे सामान मांगा रहे हैं, उनपे भी उपभोक्ताओं के अपने अधिकार उसी प्रकार हैं जैसे आप बाजार से कोई वस्तु खरीदते हैं। उन्होंने कहा मोबाइल बाजार से लाये या ऑनलाइन मंगाए उस पे रिपेरिंग की गैरेन्टी वारंटी और सही कीमत इन सब के बारे में उपभोक्ता अधिनियम में आपके अधिकारों को प्रावधानित किया गया है, आपको सुरक्षा प्रदान की गई है, आप अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहीं और उचित सेवा प्राप्त करें। उन्होंने बताया 20 लाख तक का प्रकरण जिला लेवल तक ला सकते हैं, 5 लाख तक के प्रकरण पर कोई न्याय शुल्क नहीं लगता है, 5 लाख के ऊपर न्याय शुल्क लगभग एक हजार रूपये से नीचे तक जाता है, राज्य स्तर पर 20 लाख से 1 करोड रुपए तक का प्रकरण ला सकते हैं और एक करोड़ के ऊपर का प्रकरण राष्ट्रीय आयोग दिल्ली में जाता है।

पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक श्री जयंत कुमार मलैया ने कहा राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर यहां पर अलग-अलग कैंप लगे हुए हैं, सामान कैसे मेजरमेंट से लेना है के लिए स्टॉल लगा हुआ है कि यदि किसी चीज में मिलावट है या गड़बड़ी है तो उसकी चेकिंग कैसे कर सकते हैं और भी जन जागरूक करने के लिए, जनता के हित के लिए जो-जो भी काम हो सकते हैं, खाद्य विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष में आप लोगों के लिए किए हैं। उन्होंने कहा यहां पर वकील भी बैठे हैं जो राशि व्यय नहीं कर सकते हैं वह उनसे निःशुल्क सलाह ले सकते हैं, यह भी एक बड़ी सेवा है जिसका बंदोबस्त सरकार ने किया है। प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया ने कहा जानकारियां लोगों तक जाना चाहिए, यहां जितने लोग उपस्थित हैं बहुत जीनियस लोग हैं, कुछ सीखने की, समझने की उत्सुकता है ऐसे लोग यहां पर विराजमान है, लेकिन इनमें से बहुत से ऐसे होंगे जिनको इन सारी बातों की जानकारी नहीं है। यह जो जागरूकता का शानदार प्रयास किया गया है इसके लिए मैं धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कानून विद लोगों से आग्रह करते हुए कहा अपनी तरफ से कुछ ऐसे पर्चे बनवा करके जिनमे छोटी-छोटी बातें हो जो लोगों की समझ में आ सके, उनको लोगों तक जरूर भेजें, ताकि उनका अध्ययन करके अपने अधिकारों को समझ सके।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए और इस सिलसिले में उपभोक्ताओं के हितों से जुड़ी हुई सामग्रियाँ, उपकरण और जो टेस्टिंग की मेथड्स है, उसको प्रदर्शित करने के लिए आज ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कार्यक्रम में उपभोक्ता प्रति तोषण आयोग के अध्यक्ष और सदस्य महोदय का आभारी हूँ, जो कि आज यहाँ पधारकर शिविर का अवलोकन किया और साथ में अपना मार्गदर्शन इस शिविर को प्रदान किया। इसके अलावा विद्यायक जयंत कुमार मलैया जी, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कुसमरिया जी भी इस कार्यक्रम में आए और पूरे शिविर का अवलोकन किया और उन्होंने भी अपनी ओर से अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हर व्यक्ति एक उपभोक्ता है, हम सभी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होंगे और जिला प्रशासन के तौर पर हम प्रतिबद्ध हैं की उपभोक्ताओं की जागरूकता को गांव-गांव तक पहुंचाए, उसके लिए भी हम लोग प्लान कर रहे हैं कि कैसे हर गांव तक ये जागरूकता की लहर हम पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन मनीष नागाईच एवं विपिन चौबे द्वारा किया गया। इस दौरान नापतौल, खाद्य विभाग, डॉक घर सहित अन्य विभागों के द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई।

# बीना पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ने में की सफलता हासिल

## -पुलिस ने दो चोरी के मामलों का किया खुलासा

## -चोरी और अड़ीबाजी के चार मामलों में किया गिरफ्तार

## -गस्त के दौरान 5 स्थाई वारंटी सहित 16 वारंट किए तामील

## -एक मोटर साईकिल सहित 200किलो सोयाबीन किया जप्त

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ने में की सफलता हासिल पुलिस ने दो चोरी के मामलों का किया खुलासा चोरी और अड़ीबाजी के चार मामलों में किया गिरफ्तार गस्त के दौरान 5 स्थाई वारंटी सहित 16 वारंट किए तामील एक मोटर साईकिल सहित 200किलो सोयाबीन किया जप्त। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चोरी और अड़ीबाजी के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही फरार वारंटियों को भी पकड़ा गया है। चोरी के दो और अड़ीबाजी के दो मामलों में पुलिस ने यह सफलता हासिल की। पुलिस ने सोमवार रात इन मामलों का खुलासा किया। बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को शशिपाल पिता शिवराज सिंह प्रजापति (50), निवासी गांधी वार्ड, की खिमलासा रोड स्थित एक निजी मैरिज गार्डन से बाइक चोरी हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू की। इसी प्रकार, 3 दिसंबर 2024 को रौनक पिता दिनेश राय, निवासी मढिया वार्ड, के गोदाम से अज्ञात चोरों ने दो क्विंटल सोयाबीन चोरी कर ली थी।



***स्थायी और गिरफ्तारी वारंटियों पर भी पुलिस का शिकंजा***

पुलिस ने संदेह के आधार पर केशव उर्फ बिट्टू उर्फ बूचा (19), पिता कल्लू कुशवाहा, निवासी मढिया वार्ड, और प्रशांत (22), पिता कडोरी रैकवार,निवासी मालखेड़ी से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उन्होंने दोनों चोरियों को स्वीकार किया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 15 एमएन 3415 और दो क्विंटल सोयाबीन बरामद की, जिसकी कुल कीमत 28,500 रुपये है। इसके अलावा, पुलिस ने पांच स्थायी वारंटी और 11 गिरफ्तारी वारंटियों को भी गिरफ्तार किया।

***अड़ीबाजी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार***

बीना थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि 17 दिसंबर को शैलेन्द्र पिता पजन अहिरवार (20), निवासी प्रताप वार्ड, रात करीब 9 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी समय सौरभ पिता शरद बाल्मीकि, निवासी प्रताप वार्ड, वहां आया और शराब पीने के लिए दो सौ रुपये मांगने लगा। जब शैलेन्द्र ने पैसे देने से मना किया, तो सौरभ ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

दूसरी घटना 23 दिसंबर की है, जब दीपक पिता विजय नाहर (44), निवासी गांधी वार्ड, गांधी तिराहा पर स्थित एक डोसा दुकान पर खड़ा था। उसी दौरानदेवेन्द्र उर्फ टोनी पिता महेश बाल्मीकि वहां आया और शराब पीने के लिए पांच सौ रुपये मांगने लगा। पैसे देने से इनकार करने पर देवेन्द्र ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी देवेन्द्र को भी गिरफ्तार कर लिया।

***पुलिस टीम में इन सबकी रही सराहनीय भूमिका***

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अनूप यादव, एसआई शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह वागरी, गौतम भट्ट, आरक्षक देवेन्द्र यादव, प्रेमजीत, भूपेन्द्र सिंह, मंगल यादव, संदीप, अजय, ब्रजेन्द्र सिंह, अर्पित मिश्रा और दीपसिंह की अहम भूमिका रही।

# जन कल्याण पर्व शिविर में अचानक पहुंची नपाध्यक, नहीं मिला कोई भी कर्मचारी

## सभी को नोटिस जारी कर कार्यवाही के निर्देश

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/मोहन यादव सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शहर के जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर शहर के विभिन्न वार्डों में आयोजित हो चुके हैं।

सरकार चाहती है कि सरकारी योजनाओं के लाभ से छूट गए सभी पात्र हितग्राहियों को इनका लाभ मिलें । इसी उद्देश्य को पूरा करने यह शिविर हर वार्ड में लगाए जा रहे हैं। जिससे सरकारी योजनाओं को शामिल किया गया है ।सोमवार को वीर सावरकर वार्ड में जनकल्याण शिविर चल रहा था। जिसमें करीब 3ः30 बजे नपाध्यक्ष लता सकवार अचानक शिविर में पहुंची जहां कोई भी कर्मचारी उपस्थित नहीं मिला, नपाध्यक्ष ने तुरंत जिम्मेदार कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली और संतोषजनक जबाब न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। शिविर में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी उन सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगने के निर्देश दिए, नपा अध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारी और अधिकारियों के संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सभी पर कार्यवाही की जाएगी।

# समाज में व्याप्त विसंगतियों और भ्रष्टाचार को उजागर करने का कार्य पत्रकारिता

## समाज का एक बड़ा तबका पत्रकारिता पर आंख मुदंकर करता है विश्वास




**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा ब्रज प्रेस क्लब एवं वृंदावन बाल विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान पर उत्तर प्रदेश राज्य मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी का अभिनंदन समारोह एवं समाज में पत्रकारिता की भूमिका पर विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने पत्रकारिता को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

उत्तर प्रदेश राज मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता हमेशा से समाज का दर्पण रही है। आज समाज में व्याप्त अनेक प्रकार की विसंगतियों और भ्रष्टाचार को उजागर करने का कार्य पत्रकारिता के माध्यम से बखूबी हो रहा है। फिर भी आज आवश्यकता ईमानदार, निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता की है।

आईएफडबलयूजे के राष्टीय सचिव सिद्धार्थ कालहंस ने कहा कि आज भी समाज का एक बड़ा तबका पत्रकारिता पर आंख मुदंकर विश्वास करता है। उस विश्वास को बनाए रखने के लिए पत्रकारों को अपना कर्तव्य और दायित्व पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ निभाना है। ताकि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पत्रकारिता पर सब का विश्वास बना रहे।

ब्रज प्रेस क्लब मथुरा के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि पत्रकारिता एक कार्य नहीं बल्कि एक मिशन है और जो लोग मिशन से जुड़कर कार्य करते हैं। वह समाज के लिए भी प्रेरणास्रोत होते हैं। निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता समाज की जरूरत है । समाज की इस जरूरत को पूरा केवल साहसी पत्रकारिता करने वाले लोग ही पूरा कर सकते हैं।

पंडित योगेश द्विवेदी एवं कुमार धनंजय सिंह ने कहा कि हेमंत तिवारी जैसे व्यक्तित्व पत्रकारिता के अस्तित्व को आज भी बनाए हुए हैं। हेमंत तिवारी संपूर्ण पत्रकार जगत की निधि है। इससे पूर्व अखिल भारत भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा, अंतर्राष्ट्रीय सेवायत परिषद, ब्राह्मण महासभा, हरिदास बिहारी फाऊंडेशन, राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ, बृजवासी तीर्थ पुरोहित पंडा सभा, प्रधानाचार्य परिषद, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल, मंदिर देवालय समिति सहित विभिन्न देवालय- मंदिरों के प्रतिनिधियों ने अध्यक्ष बनने पर हेमंत तिवारी का नागरिक अभिनंदन कर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर बिहारी लाल वशिष्ठ, चंद्रलाल शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, श्याम सुंदर गौतम, सत्यवान शर्मा, प्रह्लाद बल्लभ गोस्वामी, योगेंद्र बल्लभ गोस्वामी, मुकेश कृष्ण शर्मा, नवीन चौधरी, दुष्यंत दीक्षित, अर्जुन कुशवाह, आशीष चौहान, पवन ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, महेशचंद्र भारद्वाज, रविकांत गौतम, डॉ गोपाल चतुर्वेदी, आचार्य दीपक गोस्वामी, जगन्नाथ पोद्दार, दामोदर गोस्वामी, नवीन चंद्र गोस्वामी, पंडित बनवारी लाल गौड़, आचार्य लक्ष्मी नारायण मिश्र, चंद्र नारायण शर्मा, गोपाल शरण शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, दीपू बरुआ, विष्णु गोला, सुंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## कलेक्टर ने बताएं उपभोक्ताओं के अधिकार

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को उपभोक्ताओं के अधिकारों से अवगत कराते हुए जागो ग्राहक जागो शॉर्ट वीडियो के माध्यम से उपभोक्ताओं के अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री सरिता अग्रवाल के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर कलेक्टर का स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई तथा जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री सरिता अग्रवाल एवं विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता जितेंद्र कुमार के द्वारा उपभोक्ताओं के अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के कार्यक्रम में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के द्वारा बताया गया कि हम सभी उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना है तथा बाजार से कोई भी वस्तु खरीदने पर हमें उसका बिल अवश्य लेना है तथा खाने-पीने की वस्तुओं की एक्सपायरी डेट तथा वजन अवश्य देखना है। कलेक्टर श्री जांगिड़ ने कहा कि टेलीविजन पर दिखने वाले भ्रामक विज्ञापनों से भी हमें सावधान रहना है क्योंकि कोई भी क्रीम हमें एक हफ्ते में गोरा नहीं कर सकती इसलिए बाजार से कोई भी वस्तु खरीदें तो उसके संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर ले और यदि कोई दुकानदार गलत वास्तु उपभोक्ता को प्रदान करता है तो उसकी शिकायत संबंधित उपभोक्ता फोरम में करें। इस अवसर पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ लोक सेवा प्रबंधक नीतीश कुमार जैन खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर सी मलारया सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेंद्र तिवारी के द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के समापन पर जिला आपूर्ति अधिकारी सुश्री सरिता अग्रवाल के द्वारा आगंतुक अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।



## कांग्रेस ने सौपा ज्ञापन, अमित शाह माफी मांगो के लगाए नारे

निवाड़ी। जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा आज लोकसभा में भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संबंध में की गई टिप्पणी का विरोध प्रदर्शन करते हुए डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप कर गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा और सार्वजनिक रूप से माफी मांगे जाने की मांग की। जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि संसद भवन में भारत सरकार के गृहमंत्री के द्वारा भारत के संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर का अपमान किया गया है जिससे समस्त देशवासियों व अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के साथ-साथ आम जान को ठेस पहुंची है। ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा द्वारा तानाशाही की जा रही है और विपक्ष के बोलने पर फर्जी प्रकरण दर्ज किये जा रहे हैं देश की कई संवैधानिक संस्थाएं भाजपा के इशारे पर काम कर रही हैं। ज्ञापन में मांग की गई की संसद में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के किए गए अपमान पर भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह को बर्खास्त किया जाए तथा अमित शाह द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए और यदि ऐसा नहीं होता है तो संपूर्ण देश सहित निवाड़ी जिले में कांग्रेस वृहद स्तर पर आंदोलन करेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रकाश सिंह दांगी अमित राय कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव अनूप बडोनिया हरिमोहन बाथम मनोहर सिंह यादव पुष्पेंद्र बहादुर खरे नरेंद्र खरे प्रदीप यादव चंद्रपाल सिंह परमार विमलेश राय मनोज दांगी सहित अनेक कांग्रेसी नेता शामिल रहे।

# जनसुनवाई में पहुंची 15 शिकायत, छह का मौके पर निस्तारण

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जन शिकायतों पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई किए जाने के लिए मंगलवार को जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए मंगलवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अपर नगर आयुक्त रामजी लाल द्वारा जनरलगंज स्थित नगर निगम सभागार में एवं वृंदावन में अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक द्वारा प्रात: 10 बजे से जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में अपर नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 15 शिकायत प्राप्त हुयी, जिसमें छह शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया शेष लंबित नौ शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुई शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, नगर स्वास्थ्य अधिकारी गोपाल गर्ग, मोहम्मद रिजवान अहमद अधिशासी अभियंता सिविल, राम कैलाश अधिशासी अभियंता जल, नरेंद्र यादव मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एवं आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# उ0प्र0 खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेगें मथुरा के युवा पहलवान

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा जिला कुश्ती संघ मथुरा भारतीय पद्धति के तत्वाधान में अखाड़ा शिवशक्ति आधुनिक मल्लविद्या केन्द्र, लाजपत नगर मथुरा पर खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता हेतु टाइटल का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के युवा पहलवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, इस खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा नेता व गिलट आभूषण व्यवसायी समिति के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल सादाबाद वालों ने युवा पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत जिला कुश्ती संघ के महासचिव शेखर पहलवान व कोषाध्यक्ष लक्ष्य अरोड़ा द्वारा पगड़ी, पटका, माला स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि कुश्ती ब्रज की प्राचीन कला है इसके विकास के लिए निरन्तर कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे युवा पहलवानों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इस सम्पूर्ण खिताबी कुश्ती प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के महासचिव शेखरअशोक पहलवान द्वारा बताया गया की उ0प्र0 केसरी, उ0प्र0 कुमार व उ0प्र0 अभिमन्यु 2024 कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन बनारस में उ0प्र0 कुश्ती संघ भारतीय पद्धति द्वारा 29.12.2024 को प्रात: 10 बजे से किया जा रहा है। जिसमें मथुरा के पहलवालों का चयन किया गया। उ0प्र0 केसरी में 75 किलो से लेकर 125 किलो के पहलवान जिसमें नीरज गुर्जर व भोला ठाकुर भाग लेगें और उ0प्र0 कुमार में 65 किलो से लेकर 75 किलो के मथुरा से हरिसिंह व करनवीर भाग लेगें, उ0प्र0 अभिमन्यु में 55 किलो से लेकर 65 किलो जिसमें मथुरा से तन्नु व मनोज भाग लेगें। ये सभी पहलवान बनारस के लिए खेलने जायेंगें, ये जानकारी दी। इस अवसर पर जिला कुश्ती संघ भारतीय पद्धति के अध्यक्ष खेलगुरू ब्रजरत्न अशोकशेखर पहलवान, अंकित पहलवान, कान्हा पहलवान, योगेश पहलवान, राजकुमार पहलवान, बन्टी पहलवान, सोनू पहलवान, विष्णु पहलवान, धीरज, विकास, मोनू, सागर, थानसिंह आदि उपस्थित रहे।



# सरपंच सचिव पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप जनसुनवाई में की गई शिकायत

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जनपद पंचायत निवाड़ी अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पिपरा के सरपंच और सचिव पर लाखों रुपए का भ्रष्टाचार किए जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम वासियों ने आज जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत की। ग्राम वासियों द्वारा की गई शिकायत में बताया गया कि सरपंच सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में सीसी रोड का कार्य कराया जा रहा है उसमें सीमेंट का कम उपयोग तथा बजरी का उपयोग बिलकुल भी नहीं किया जा रहा है सिर्फ डस्ट से ही सीसी रोड का कार्य किया जा रहा है तथा इंजीनियर द्वारा इसी तरह के गुणवत्ताहीन कार्य को स्वीकृति भी दी जा रही है। ग्राम वासियों ने शिकायत में बताया कि इससे पहले भी सरपंच सचिव के द्वारा जो रोड डाले गए थे वह कुछ माह में ही उखड़ गए और लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया इसके साथ-साथ ग्राम वासियों ने बताया कि ग्राम पंचायत में ना ही नालियों की सफाई होती है और ग्राम में कचरे के ढेर लगे रहते हैं जबकि साफ सफाई के नाम पर लाखों रुपए के फर्जी बिल का भुगतान ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है। शिकायत में बताया गया कि सरपंच सचिव के द्वारा वृक्षारोपण भी कराया गया लेकिन आज एक भी वृक्ष दिखाई नहीं दे रहा है सिर्फ फर्जी बिल लगाकर वृक्षारोपण किया जा रहा है तथा कैश बुक लिखी जा रही है। ग्राम वासियों द्वारा की गई शिकायत में ग्राम पंचायत में किये जा रहे कार्यों की जांच की जाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और नियुक्तियों की प्रगति की समीक्षा की



परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि आईपीएचएस मानकों के अनुरूप कैबिनेट द्वारा स्वीकृत पदों पर भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि नवीन स्वीकृत पदों के साथ रिक्त पदों की पूर्ति के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और सुलभ बनाया जा सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण कार्यों और चिकित्सकीय व सहायक चिकित्सकीय पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नवीन जिला चिकित्सालयों में पदों की पूर्ति की स्थिति की भी समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माणाधीन कार्यों की सतत निगरानी और समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त स्वास्थ्य श्री तरुण राठी, एमडी एमपीबीडीसी डॉ. पंकज जैन, सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी, पीआईयू और एमपीबीडीसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# खजुराहो में 25 दिसंबर को पीएम मोदी देंगे बड़ी सौगात, आगमन को लेकर जोर शोर से तैयारी जारी

## वीडी शर्मा बोले योजना से बुंदेलखंड की दिशा दशा दोनों बदलेगी

**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। खजुराहो में 25 दिसंबर को अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर पीएम नरेंद्र मोदी बुंदेलखंड के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए केन बेतवा लिंक परियोजना की आधारशिला रखने के लिए खजुराहो आ रहे हैं जिसके लिए खजुराहो में बीते 15 दिनों से व्यवस्थाएं और जोर शोर से काम जारी हैं,साथ ही प्रशासनिक नुमाइंदे और मंत्री विधायक से लेकर सीएम तक मौके पर पहुंच कर जायजा ले चुके हैं, तो वही मंगलवार दोपहर 1 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, छतरपुर प्रभारी मंत्री इंदल सिंह कंसाना, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, क्षेत्रीय विधायक अरविंद पटेरिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल एवं अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल का मुआयना करने पहुंचे, और पत्रकारों से बात करते हुए विष्णु दत्त शर्मा ने केन बेतवा लिंक परियोजना को बेहद अहम बताया और कहां की इस योजना से बुंदेलखंड की दिशा और दशा दोनों बदलेगी और 25 दिसंबर को सौभाग्य का दिन बताया।




25 दिसंबर को लगभग 50000 से अधिक लोगों की आने की संभावना है, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 4000 सुरक्षा बल तैनात किया जा रहा हैं, साथ ही समूचे बुंदेलखंड और दूर दराज से आने वाले बसों और गाड़ियों के लिय अलग से रूट प्लान किया गया हैं,बता दें कि पीएम दोपहर करीब 12 बजे खजुराहो मेला ग्राउंड पहुंचेंगे. उनके स्वागत के लिए बमीठा से खजुराहो एयरपोर्ट और मेला ग्राउंड से बस्ती चौक तक की सड़कों को सजाया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा केन बेतवा लिंक परियोजना का 25 दिसंबर 2024 को खजुराहो से भूमिपूजन किया जाएगा।बुंदेलखंड के पूरे इलाके को सूखामुक्त करने के लिए भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने जो सपना देखा था उसे पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अटल जी की जयंती पर खजुराहो आ रहे है। 44 हजार 605 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना से मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के लगभग 11 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। और लाखों लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी,मप्र के 10 जिले और उत्तर प्रदेश के चार जिलों में पेयजल की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। परियोजना में होने वाले व्यय का 90 प्रतिशत भार केंद्र सरकार उठाएगी। प्रदेश के ऊपर वित्तीय भार मात्र 10 प्रतिशत आएगा।

***पीएम के कार्यक्रम में इन मंत्रियों का आना हुआ तय -***

मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मंत्री पहलाद पटेल, मंत्री राधा सिंह, मंत्री तुलसी सिलावट, मंत्री राकेश शुक्ला, मंत्री सी आर पाटिल, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, श्र2स्न मंत्री राकेश सिंह, प्रभारी मंत्री इंदर सिंह कंसाना, राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी

# छात्र को मुर्गा बनाकर पीटने का वीडियो हुआ वायरल, सिविल लाइन थाना क्षेत्र की घटना



छतरपुर। मंगलवार की शाम को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक छात्रा के साथ दो अन्य छात्र गाली-गलौज करते हुए उसे मुर्गा बनने के लिए बोलते नजर आ रहे हैं। वहीं छात्र को मुर्गा बनाकर उसे लात-घुसों से पीटा भी जा रहा है। वीडियो तीन दिन पुराना बतया गया है, जिसकी शिकायत पीड़ित छात्र ने सिविल लाइन थाना में की है। पुलिस ने दो छात्रों पर नामजद एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

बताया गया है कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 की कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले छात्रों के विवाद का यह मामला है। पीड़ित छात्र छुट्टी के बाद शाम को पंडित रविशंकर पार्क में घूमने के लिए गया था, जहां स्कूल के ही दो अन्य छात्रों ने उसके साथ मारपीट की, जिसका किसी ने वीडियो बना लिया था। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि वायरल वीडियो तीन दिन पुराना है। पीड़ित छात्र ने थाने में शिकायत की है, जिस पर दो अन्य छात्रों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

# पिकअप और टैक्सी की सामने से जोरदार भिंड़त

**-टैक्सी में बैठी महिला के दोनों पैर बुरी तरह फंस गए, बड़ी मशक्कत के बाद निकाला महिला को**

**-हादसे में दो महिला सहित नाबालिग टैक्सी चालक भी हुआ घायल**





**राजाराम साहू**

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा। मंगलवार को नगर से निकले टीकमगढ़ सागर हाइवे पर पनया तिराहे के समीप सवारियों को लेकर जा रही टैक्सी और पिकअप की आमने सामने से जोरदार भिंड़त हो गई।घटना के बाद टैक्सी में बैठी सवारियां चीख पुकार करने लगीं।टैक्सी में बैठी एक महिला के टैक्सी की बॉडी में दोनों पैर बुरी तरह फंस गए।यह देख राहगीरों ने तत्काल 100 डायल और एम्बुलेंस 108 पर फोन कर घटना की जानकारी दी गई।मौके पर पहुंची दोनों सहायता वाहनों से घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टर नैन्सी जैन ने सुमन अहिरवार पति दामोदर अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी सपौन थाना बड़ागांव जिला टीकमगढ़, गुलाबबाई अहिरवार पति बहौरा अहिरवार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम गुलाई थाना बमनौरा जिला छतरपुर और नाबालिक टैक्सी चालक कल्लू उर्फ शोभाराम अहिरवार पिता खड़गे अहिरवार उम्र 15 वर्ष निवासी गुलाई थाना बमनौरा का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत दोनों महिलाओं की स्थिति गम्भीर देखते हुए जिला अस्पताल टीकमगढ़ रैफर कर दिया।इस घटना में तीनों घायलों में से सुमन अहिरवार का बायां पैर बुरी तरह से फैक्रर होने के साथ क्षतिग्रस्त हो गया। जबकि दूसरे पैर में गम्भीर चोट आई है।जबकि दूसरी महिला गुलाबबाई को सिर में गम्भीर चोट आने के चलते रैफर किया गया है तो वहीं नाबालिक टैक्सी चालक को मामूली चोटें आई हैं। फिलहाल घटना में प्रयुक्त दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री के स्वागत... प्रथम पृष्ठ का शेष-

स्थल पर लाने और वापिस ले जाने के लिए 4500 बसों की व्यवस्था की गई है, जिसमें 2100 बसें सिर्फ छतरपुर जिले के लिए हैं। शेष बसें समूचे बुंदेलखंड के अलग-अलग स्थानों से लोगों को अयोजन स्थल पर लाएंगी।

***आयोजन स्थल पर पार्किंग व्यवस्था और मार्ग डायवर्सन का चार्ट***

आयोजन स्थल पर छतरपुर पुलिस द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग व्यवस्था एवं डायवर्सन प्लान बनाया गया है, जिसका रूट चार्ट एक दिन पहले जारी किया गया। डायवर्सन प्लान के मुताबिक छतरपुर, दमोह, सागर, टीकमगढ़, निवाड़ी से कार्यक्रम में आने वाले वाहनों की मंजूर नगर रोड में फेस्टिवल ग्राउंड, लालगांव, प्रेम गिरी मंदिर, एएसआई ग्राउंड में पार्किंग रहेगी। महोबा, राजनगर, चंदला, गौरीहार, लवकुशनगर की तरफ से कार्यक्रम में आने वाले वाहन बलवंत सिंह महाविद्यालय परिसर की पार्किंग, एमपीटी पार्किंग, विवेकानंद चौराहा, टूरिस्ट ग्राउंड और आदिवर्त पार्किंग में पार्क करेंगे। पन्ना, चंद्रनगर तरफ से कार्यक्रम में आने वाले समस्त वाहन टौरिया टेक से सूरजपुरा रनेह फॉल, अचनार बाईपास से होते हुवे पायल तिराहा तक आयेंगे। विक्रमपुर की ओर से आने वाले वाहन गोकुल धाम होते हुए खजुराहो आएंगे। प्रात: 9 बजे तक बस बमीठा एयरपोर्ट के सामने से कार्यक्रम के समीप पार्किंग तक आ सकेंगी, उसके बाद गंज फ्लाईओवर व टौरिया टेक डायवर्टेड मार्ग से ही आएंगी।




**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321